प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 06.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षा की तैयारी के तरीक़े पर भरोसा रखें–शिक्षकों से प्रत्येक विद्यार्थी के सीखने की गति के प्रति संवेदनशील रहने को कहा।

2– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल जगदलपुर में 'बस्तर पंडुम' महोत्सव का उद्घाटन करेंगी।

3– केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल से छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे–इस दौरान रायपुर और जगदलपुर में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

4– छत्तीसगढ़–महाराष्ट्र सीमावर्ती क्षेत्र में गढ़चिरौली जिले में हुई मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए–एक जवान शहीद।

..................................................................................

**परीक्षा पे चर्चा–01**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम **''परीक्षा पे चर्चा''** के नौवें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में, प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर छात्रों को संबोधित किया। श्री मोदी ने छात्रों को अपने स्वयं के अनूठे शिक्षण तरीकों पर भरोसा रखने की सलाह दी। श्री मोदी ने छात्रों से शिक्षकों, अभिभावकों और मार्गदर्शकों द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यान

से सुनने और उन्हें गहराई से समझने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को दूसरों की नकल करने के बजाय, उन्हें मिलने वाली किसी भी सलाह में अपने अनुभव को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रधानमंत्री ने बच्चों से आर्टिफिशियल इंटिलेजेंस–एआई के सही इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआई तकनीक नई पीढ़ी के लिए सुपर पावर है और इसका उपयोग समझदारी और सही तरीके से किया जाना चाहिए।

....................................................................................

**परीक्षा पे चर्चा–02**

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ से भी कुछ बच्चे नई दिल्ली पहुंचे थे, जिन्हें प्रधानमंत्री से प्रश्न पूछने का मौका मिला। इनमें महासमुंद जिले की सृष्टि साहू भी शामिल है। सृष्टि ने बताया कि प्रधानमंत्री से मिलना उनके लिए गौरव की बात रही। प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन हर विद्यार्थी के लिए प्रेरणा दायक है।

वहीं, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए दुर्ग स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की अदिति उपाध्याय और ख्याति साहू का भी चयन किया गया था। उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ अपने विचार साझा किए।

....................................................................................

**प्रधानमंत्री–बस्तर ओलंपिक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल संसद में अपने उद्‌बोधन के दौरान विशेष रूप से बस्तर का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जो बस्तर कभी आकांक्षी जिला माना जाता था, आज वह पूरे देश में **"बस्तर ओलंपिक"** के नाम

से जाना जा रहा है। विकास की धारा अब बस्तर के गांव–गांव तक पहुंच रही है। कई ऐसे गांव हैं जहां पहली बार बस सेवा शुरू हुई और पूरे गांव ने इसे उत्सव की तरह मनाया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री के वक्तव्य पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बस्तर संभाग में पिछले दो वर्षों से आयोजित हो रहे बस्तर ओलंपिक में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी रही है। इस वर्ष बस्तर ओलंपिक में तीन करोड़ इंक्यानवे लाख प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसी तरह, बस्तर पंडुम का आयोजन भी पिछले वर्ष से किया जा रहा है।

..............................................................................

## राष्ट्रपति–छत्तीसगढ़ दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल सात फरवरी को एक दिवसीय दौरे पर जगदलपुर आएंगी। इस मौके पर वे **'बस्तर पंडुम'** महोत्सव का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्रीमती मुर्मु महोत्सव स्थल पर लगाए गए विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण कर पारंपरिक हस्तशिल्प, जनजातीय कलाओं, लोक वेशभूषा और स्थानीय उत्पादों को लेकर शिल्पकारों से बातचीत भी करेंगी। इसके बाद इसी दिन राष्ट्रपति जगदलपुर से रायपुर होकर नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।

बस्तर पंडुम महोत्सव में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी मौजूद रहेंगे।

..............................................................................

## माओवादी–मुठभेड़

छत्तीसगढ़–महाराष्ट्र सीमावर्ती क्षेत्र में गढ़चिरौली जिले के भमरागढ़ जंगलों में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों बीच हुई मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ के दौरान सी–सिक्सटी बल का एक जवान शहीद हो गया, जबकि एक अन्य जवान घायल हो गया है, जिसका इलाज जारी है।

सुरक्षा बलों ने मौके से दो पुरुष और एक महिला माओवादी के शव के साथ एसएलआर और एके–सैंतालीस राइफल बरामद किया है। मारे गए नक्सलियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। इलाके में सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन जारी है।

..........................................................................

## बिलासपुर एयरपोर्ट–मंजूरी

नागर विमानन महानिदेशालय ने बिलासपुर एयरपोर्ट को ऑल वेदर ऑपरेशन श्रेणी में अपग्रेड किए जाने की मंजूरी दे दी है। इस निर्णय को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम बताया। उन्होंने कहा कि अब बिलासपुर एयरपोर्ट पर सभी मौसम में विमान सेवाओं का संचालन संभव हो सकेगा।

..........................................................................

## अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण–बैठक

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण औरं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की पहली बैठक आज दुर्ग में हुई। बैठक मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वीकृत बजट का समय पर और पूर्ण उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ओबीसी समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय है और प्रशासनिक स्तर पर जवाबदेही तय करने की कोशिश कर रही है।

बैठक में सभी मंत्री, सांसद, विधायक और सत्रह जिलों के कलेक्टर शामिल हुए।

..........................................................................

## दुर्ग–आईटी पार्क

दुर्ग में आईटी पार्क की स्थापना के लिए आज अट्ठाईस कंपनियों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दुर्ग में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में यह एमओयू हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आईटी पार्क दुर्ग क्षेत्र के लिए विकास का एक प्रमुख केन्द्र बनेगा।

.................................................................................

**हाईकोर्ट–जुर्माना**

बिलासपुर उच्च न्यायालय ने छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड पर एक लाख रूपए का जुर्माना लगाने का आदेश जारी किया है। मामला जशपुर जिले के कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का है, यहां अस्पताल भवन के निर्माण के लिए टेंडर जारी किया गया था, जिसमें याचिकाकर्ता ने सबसे कम बोली लगाई थी। इसके बाद भी उन्हें टेंडर नहीं दिया गया।

.................................................................................

**प्रभात मिश्रा–छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग**

राज्य सरकार ने प्रभात मिश्रा को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। संस्कृति विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार प्रभात मिश्रा को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। श्री मिश्रा इस आयोग के चौथे अध्यक्ष होंगे।

.................................................................................

**दुर्घटना**

प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के दौरान अलग–अलग चार सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोरबा में एक तेज रफ्तार कार के

अनियंत्रित होकर पलट जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

वहीं, रायपुर में एक सरकारी वाहन ने स्कूल जा रहे स्कूटर सवार भाई–बहन को टक्कर मार दी। हादसे में भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कूटर सवार बहन गंभीर रूप से घायल हो गई है।

इस बीच, बिलासपुर जिले में पिकअप वाहन की टक्कर में मोटर साइकिल सवार पति–पत्नी और उनकी बेटी की मौत हो गई। ये दंपत्ति बेलपान मेला देखकर घर लौट रहे थे, तभी ग्राम तेंदुआ मोड़ के पास वे दुर्घटना का शिकार हो गए।

वहीं, कांकेर जिले में माकड़ी गांव के पास तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो नाबालिगों की मौत हो गई। इस हादसे में घायल चार युवाओं का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>